दिल्ली विधान सभा

समाचार भाग-1

(कार्यवाही का संक्षिप्त अभिलेख)

सोमवार, 25 नवम्बर, 2002/कार्तिक 04,1924 (शक)

संख्या-88

2.00बजे **राष्ट्रीय गीत - वन्दे मातरम्**

1. **निधन संबंधी उल्लेख :** सदन द्वारा 24 सितम्बर,2002 को गुजरात के अक्षरधाम मंदिर और 24 नवम्बर,2002 को जम्मू के रघुनाथ मंदिर में हुए आतंकवादी हमलों में हुई निर्दोष लोगों की हत्याओं पर शोक संवेदना व्यक्त की । मुख्य मंत्री और विपक्ष के नेता ने भी अपनी संवेदना व्यक्त की ।

सदस्यों ने दिवंगत आत्माओं के सम्मान में दो मिनट का मौन धारण किया गया।

2. 2.11बजे **प्रश्नकाल :** तारांकित प्रश्न संख्या- 1 से 3 तथा उनसे संबंधित पूरक प्रश्न पूछे गये और उनके मौखिक उत्तर दिये गये । तारांकित प्रश्न संख्या- 4 से 18 और अतारांकित प्रश्न संख्या- 1 से 4 के उत्तर सदन पटल पर रखे गये ।

3. 3.00 बजे **सदन पटल पर प्रस्तुत किये गये कागजात :**

1. श्रीमती शीला दीक्षित, मुख्य मंत्री ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली का वर्ष 2001-2002 के लिये वार्षिक प्रतिवेदन सदन में प्रस्तुत किया ।

2. **श्री अजय माकन, परिवहन मंत्री** ने निम्नलिखित कागजातों की प्रति सदन पटल पर रखीं :-

क. वर्ष 1999-2000 के लिये दिल्ली परिवहन निगम कर्मचारी भविष्य निधि ट्रस्ट का लेखा प्रतिवेदन

ख. वर्ष 2000-2001 के लिये दिल्ली परिवहन निगम का वार्षिक लेखा प्रतिवेदन हिन्दी एवं अंग्रेजी प्रति

ग. वर्ष 2000-2001 के लिये दिल्ली परिवहन निगम का वार्षिक लेखा प्रतिवेदन हिन्दी एवं अंग्रेजी प्रति

घ. वर्ष 2000-2001 के लिये दिल्ली परिवहन निगम की लेखा परीक्षा रिपोर्ट को प्रस्तुत करने में हुए विलम्ब के कारणों से संबंधित विलम्ब प्रतिवेदन

ङ वर्ष 2000-2001 के लिये दिल्ली परिवहन निगम के लेखा परीक्षा प्रतिवेदन एवं वार्षिक लेखों की समीक्षा से संबंधित प्रतिवेदन ।

3. दिल्ली के लिये परिवहन परिचालन प्लान

5. 3.02 बजे **विशेष उल्लेख नियम-280: निम्नलिखित** सदस्यों ने **नियम-280** में मामले उठाये :-

1. **श्री रूव** चन्द
2. **श्री महेन्द्र सिंह**
3. श्री नन्द किशोर गर्ग
4. श्री मोहन सिंह बिष्ट
5. श्री माला राम गंगवाल
6. श्री जिले सिंह चौहान
7. डॉ. जगदीश मुखी (वित्त मंत्री ने हस्तक्षेप किया)
8. चौ. शीश पाल
9. श्री मुकेश शर्मा (मुख्य मंत्री ने हस्तक्षेप किया)
10. श्री सुरेन्द्र कुमार

समितियों के प्रतिवेदनों का प्रस्तुतीकरण:

5. 3.30 बजे (i) श्री मंगत राम सिंघल ने कार्य मंत्रणा समिति का ग्यारहवां प्रतिवेदन सदन में प्रस्तुत किया ।

(ii) श्री मंगत राम सिंघल ने गैर सरकारी सदस्यों के विधेयकों एवं संकल्पों संबंधी समिति का तेरहवाँ प्रतिवेदन सदन में प्रस्तुत किया ।

6. 3.31 बजे **विधेयक का पुर:स्थापन**

डॉ. ए.के.वालिया, स्वास्थ्य मंत्री ने सदन की अनुमति से **'दिल्ली नर्सिंग होम्स पंजी रण सशोधन विधेयक,2002 (2002 का विधेयक संख्या-11)'** को सदन में पुर:स्थापित किया।

.**अल्पकालिक चर्चा:**

7. 3.32 बजे

श्री अरविन्दर सिंह लवली,चौधरी शीश पाल और श्रीमती किरण चौधरी ने दिल्ली सरकार की नई परिवहन नीति एवं मेट्रो रेल से संबंधित मामलों पर अल्पकालिक चर्चा प्रारम्भ की ।

4.00 बजे सदन चाय-काल के लिये स्थगित हुआ ।

4.32 बजे सदन पुन: समवेत हुआ ।

अल्पकालिक चर्चा जारी :-श्रीमती किरण चौधरी ने अपना भाषण पूरा किया ।

निम्नलिखित सदस्यों ने चर्चा में भाग लिया :-

1. डॉ. जगदीश मुखी
2. श्री तरविन्दर सिंह मारवाह
3. डॉ. श्रीमती किरण वालिया
4. श्री सुशील चौधरी
5. श्री शादी राम
6. श्री राधेश्याम खन्ना
7. श्री माला राम गंगवाल
8. श्री नन्द किशोर गर्ग

6.33 बजे परिवहन मंत्री ने चर्चा का उत्तर दिया ।

सदन पूरे दिन के लिये स्थगित हुआ ।

दिल्ली,

25.11.02

एस.के.शर्मा

सचिव